an>

Title: Need to withdraw the plan to shut down Central Ordnance Depot Chheoki, Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) ः सी.ओ.डी. छिवकी मेरे इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में स्थित है। सी.ओ.डी. छिवकी, इलाहाबाद की स्थापना देश की सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु आज़ादी के पूर्व वर्ष 1943 में की गई थी जो भारतीय सेना का हिन्दुस्तान में सबसे बड़ा आयुद्ध भण्डार था। यह डिपो दोनों ओर से राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ा है। आयुद्ध सामानों का वितरण बड़ी आसानी एवं सुगमता से, जहां भी भारतीय सेना को आवश्यकता है शीघ्रातिशीघ्र पहुंचाया जा सकता है। वर्ष 2016-17 में 5000 टन से अधिक सैन्य सामान सड़क एवं रेल के माध्यम से पूरे देश भर में भेजा गया, जो कि अन्य अधिकांश डिपो की तुलना में काफी अधिक है। सी.ओ.डी. छिवकी के कर्मचारियों ने भारत सरकार द्वारा पिछले सभी युद्ध 1962, 1965, 1971, 1999 (कारगिल युद्ध) व लगातार हो रहे पाक से छद्म युद्ध के दौरान जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई उसे शत-प्रतिशत करके दिखाया। इसके अतिरिक्त, वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के समय रक्षा मंत्रालय ने स्किड बोर्ड बनाने का एक विशेष कार्य सी.ओ.डी. छिवकी को दिया, जिसको यहां के कर्मचारियों ने अपनी कड़ी मेहनत व निष्ठा के साथ समय-सीमा से पूर्व सम्पन्न करके दिया। सेना आयुद्ध कोर डिपो के कर्मचारियों द्वारा किये गये कार्य के आधार पर Best Central Ordnance Depot, Chheoki-2015 के आवार्ड से इस डिपो को नवाज़ा गया। विगत वर्षों से जब भी कोई उच्च सैन्य अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया तो उन्होंने इस डिपो की कार्यशैली, सुरक्षा व्यवस्था व अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। डिपो को बन्द करने की योजना को निरस्त करके अतिरिक्त कार्यभार देते हुए डिपो को अनवरत् चलने देने की कृपा करें।